>

Title: Need to construct railway line on Gaya-Rafiganj via Sherghati and Daltonganj-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): पलामू जिला देश के 115 आकांक्षी जिलों में से एक है, एवं प्रगति के पथ पर पिछड़े हुए जिलो में से एक है । इसके बहुत सारे इलाके की जनता रेल की सुविधाओं से वंचित है । ऐसे ही एक क्षेत्र में हरिहरगंज एवं छतरपुर, पाटन अनुमंडल का क्षेत्र है । इस क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ने के लिए एवं यहाँ की जनता को रेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए गया- रफीगंजवाया शेरघाटी, डालटेनगंज रेल लाइन की स्वीकृति कई वर्ष पूर्व दी गई थी । परंतु आज तक उक्त परियोजना पर धरातल पर काम नहीं हो सका और वह परियोजना मात्र कागजों में सिमट कर रह गयी है । रेल मंत्रालय से पता करने पर इस बात की जानकारी दी जाती है कि अर्थाभाव के चलते इस परियोजना पर अब तक कार्य नही हो सका है । उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में कई कोयला खदानों में उत्पादन का कार्य प्रारंभ होने वाला है जिसमें सरकारी कोयला की खदानें भी हैं एवं निजी खदानें भी ।

इसके अतिरिक्त यह एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है एवं आवागमन की असुविधा रहने के चलते इन पर नियंत्रण पाने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ।

मेरा एक सुझाव है । यदि रेल मंत्रालय को वस्तुतः राशि की कमी है तो इसकी व्यवस्था CIL एवं गृह मंत्रालय के सहयोग से भी करने के लिए विचार किया जा सकता है क्योंकि यदि ये रेल लाईन बन जाती है तो बिहार एवं झारखंड दोनों राज्यों को फायदा होने वाला है । उपरोक्त पृष्ठभूमि में माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपया इस परियोजना को पुनर्जीवित करने का कार्य करे (रेल (लाइन।